letters. Stay Cool!

- Suresh Rathi

दक्षिण कोरिया से कॉस्मेटिक, लक्ष्य रखा है। वर्तमान में राजस्थान अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया

## राजस्थानी कहावत

### घरणी विहूण घर भूतां रौ डेरौ

### घरनी बिन घर भूत का डेरा

- घर में भले दूसरी कितनी ही सजावट हो, परिवार में अन्य कितने ही बाल-बच्चे और सदस्य हों, पर घरवाली के बगैर घर भूतों के डेरे जैसा लगता है।

*-स्व. विजय दान देथा*

*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## इंडिया का मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर ग्लोबल निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक : एसएंडपी अध्ययन



**नयी दिल्ली@एजेंसी।** भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र को ग्लोबल निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। एसएंडपी ग्लोबल के एक अध्ययन में यह बात कही गई। इसके मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति में चल रहे बदलावों से भारत को लंबे समय में लाभ होगा। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया के इस अध्ययन में कहा गया कि अर्थव्यवस्थाओं द्वारा खुद को बदलते व्यापार के हिसाब से ढालने और शुल्क चुनौतियों के अनुकूल होने के साथ भारत विनिर्माण बढ़ाने और ग्लोबल आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के लिए इस मौके का फायदा उठा सकता है। इस अध्ययन का शीर्षक 'इंडिया फॉरवर्ड ट्रांसफॉर्मेटिव पर्सपेक्टिव्स' है। इसमें कहा गया कि स्थानीय स्तर पर काम कराने, अंतिम बाजारों से निकटता और बढ़े हुए क्षेत्रीय एकीकरण के चलते इस क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश आना चाहिए, जिससे भारत की तकनीकी उन्नति और विनिर्माण प्रतिस्पर्धा में तेजी आएगी। अध्ययन के मुताबिक, इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसर तैयार होंगे। अध्ययन में कहा गया, ''आगे चलकर ग्लोबल व्यापार नीति में बदलाव से आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के लिए लाभकारी होगा।''

## नेशनल

### मनी लॉन्ड्रिंग कानून

# राहत के लिए एक साल जेल में जरूरी जैसा कोई नियम न

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यवसायी को जमानत प्रदान करते हुए कहा है कि ऐसा कोई नियम नहीं है कि धनशोधन के आरोपी व्यक्ति को राहत मिलने से पहले एक साल जेल में रहना होगा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 2,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला मामले में व्यवसायी अनवर ढेबर को जमानत दे दी और कहा, ''जमानत पाने के लिए एक साल तक हिरासत में रहने का नियम नहीं है।'' ढेबर को पिछले वर्ष अगस्त में गिरफ्तार किया गया था और नौ महीने से अधिक समय उसने जेल में बिताया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा सात वर्ष है तथा गवाहों की बड़ी संख्या को देखते हुए ढेबर के खिलाफ मुकदमा शीघ्र शुरू होने की संभावना नहीं है। इसने कहा, ''अपीलकर्ता को 8 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था। 40 गवाहों को पेश किया गया है। जांच जारी है। इस मामले में 450 गवाह हैं। इस तरह निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। अधिकतम सज़ा सात साल है।'' सेंथिल बालाजी मामले में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि ढेबर को कड़े नियमों व शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''यदि कोई पासपोर्ट है तो उसे यह जमा करना होगा।'' प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने पीठ से आरोपी को जमानत पर रिहा न करने का आग्रह करते हुए कहा कि उसे पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था और उसे हिरासत में लिए हुए एक साल भी नहीं हुआ है। ईडी के वकील ने कहा कि शीर्ष अदालत विभिन्न मामलों में जमानत देने के लिए ''एक साल की हिरासत के मानदंड'' का पालन करती रही है और ढेबर के मामले में भी इसी मानदंड का पालन किया जाना चाहिए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालत से कहा कि वह विशेष अदालत द्वारा तय शर्तों पर आरोपी को एक सप्ताह के भीतर रिहा कर दे।

कांग्रे महा अन माम किय

द्वारा राज्य कर संबं हुआ


**राजस्थान सिलेण्डर्स एण्ड कन्टेनर्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय :एसपी-825, रोड नं. 14, वीकेआई एरिया, जयपुर-302013, फोन: 91-141-4031771-2

E: info@bajoriagroup.in; W: www.bajoriagroup.in; CIN No: L28101RJ1980PLC002140

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के लिए स्टैण्डएलॉन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार**

(राशि लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वार्षिक वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.12.2024 (गैर अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| 1. | क) परिचालन से राजस्व | - | - | - | - | - |
| | ख) अन्य आय | 20.90 | 22.97 | 11.72 | 91.60 | 100.46 |
| | कुल आय | 20.90 | 22.97 | 11.72 | 91.60 | 100.46 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले) | (39.42) | (33.39) | (34.57) | (147.46) | (69.68) |
| 3. | कर के पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से बाद) | (39.42) | (33.39) | (34.57) | (147.46) | (69.68) |
| 4. | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और / या असाधारण वस्तुओं से बाद) | (8.44) | (24.95) | (26.48) | (86.37) | (72.46) |
| 5. | बंद किए गये परिचालन से लाभ/(हानि) | (39.55) | 0.01 | (9.81) | (41.87) | (62.14) |
| 6. | कर के बाद बंद परिचालन से अवधि/वर्ष के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) | (22.85) | (0.02) | (16.58) | (24.53) | (64.62) |
| 7. | अवधि के लिए लाभ/(हानि) | (31.29) | (24.97) | (43.06) | (110.90) | (137.08) |
| 8. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए व्यापक लाभ/हानि) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद), | (24.14) | (24.74) | (43.39) | (103.07) | (136.17) |
| 9. | समता अंश पूंजी | 336.16 | 336.16 | 336.16 | 336.16 | 336.16 |
| 10. | बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन अधिशेष को छोड़कर अन्य इक्विटी | | | | 1007.25 | 1110.33 |
| 11. | आय प्रति शेयर रु. 10/- प्रति का (मूल/तरल) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल | (0.93) | (0.74) | (1.28) | (3.30) | (4.08) |
| | 2. तरल | (0.93) | (0.74) | (1.28) | (3.30) | (4.08) |

टिप्पणी:

(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। समाप्त तिमाही एवं वार्षिक वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाईट (www.bajoriagroup.in) पर उपलब्ध है।

(2) 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त वार्षिक वर्ष के उपर्युक्त अंकेक्षित वित्तीय परिणाम की समीक्षा एवं सिफारिश लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई एवं 20 मई, 2025 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

(3) कंपनी के अंकेक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (आईएनडी-एएस) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय मण्डल (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 के नियम 33 के तहत निर्धारित किए गए हैं।

(4) पिछली अवधियों/ वर्षों के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक समझे गये है, उन्हे पुनः व्यवस्थित/ पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

(5) वित्तीय परिणाम नीचे दिए गए प्रतिक्रिया कोड को स्कैन करके भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

स्थान : जयपुर

दिनांक : 20.05.2025

बोर्ड के आदेशानुसार

वास्ते राजस्थान सिलेण्डर्स एण्ड कन्टेनर्स लिमिटेड

हस्ता./-

अविनाश बाजोरिया

(अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक)

DIN: 01402573